उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 24.09.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

- **पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद महोबा के समस्त पुलिस थाना/कार्यालय में चलाया गया स्वच्छता अभियान ।**
- **जनपदीय पुलिस द्वारा शस्त्र हैंडलिंग व शस्त्रों की साफ-सफाई की गयी।**

आज दिनांक 24.09.2023 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में महोबा पुलिस के समस्त थानों/कार्यालयों एवं पुलिस लाइन में स्वच्छता अभियान चलाकर थाना कार्यालय, बैरक, थाना परिसर, प्रशासनिक भवन, मेस, परिसर एवं विशेषकर खाली पड़े स्थानों पर बेतरतीब उगी हुई घास को काटा गया व गंदगी की साफ सफाई की गयी ।

थानों पर कार्यरत कर्मियों द्वारा थाना परिसर के साथ-साथ बैरकों, मालखाना, मेस, थाना कार्यालय की साफ-सफाई के साथ शस्त्रों की सफाई भी की गयी साथ ही साथ अभिलेखों को सुव्यवस्थित तरीके से रखा गया तथा आमजनमानस को भी स्वच्छता का सन्देश देकर स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया ।

इसी क्रम में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन को संतुलित बनाये रखने हेतु थानों/कार्यालयों में वृक्षारोपण किया गया एवं आमजन को पर्यावरण के प्रति प्यार, सजग, सचेत एवं जागरूक किया गया ।







उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 24.09.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना चरखारी के समस्त विवेचकों का अर्दली रुम किया गया,विवेचना के निस्तारण के सम्बन्ध में दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश...

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री सत्यम द्वारा दिनांक 23.09.2023 को थाना चरखारी के सभी विवेचकों का अर्दली रुम किया गया । अर्दली रुम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना चरखारी में लम्बित विवेचनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रुप से वार्ता करते हुये विवेचनाओं की समीक्षा की गई तथा विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने हेतु सम्बंधित विवेचकों को निर्देशित किया गया साथ ही जनशिकायतों की सुनवाई कर जाँच करने व विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिये गये ।

इसके अतिरिक्त अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिक समय से लबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए वाछित अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी करने, आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, रात्रि में चौराहे/तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में सलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं मादक पदार्थो के तस्करों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए, इसके साथ ही वर्तमान समय में शासन एवं उच्चाधिकारीग द्वारा जारी आदेशों एवं अभियानों के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 24.09.2023**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## थाना श्रीनगर पुलिस टीम द्वारा 02 वांछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के आभूषण व नकदी सहित चोरी किया गया अनाज बरामद ।

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम एंव क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री उमेश चन्द्र के निकट पर्यवेक्षण मे चलाए जा रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान तथा जनपद में शान्ति एंव कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु अपराध में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे संघन चेंकिग व उनकी गिरफ्तारी / बरामदगी के अनुपालन में थानाध्यक्ष श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा थाना स्थानीय पर पर पंजीकृत अभियोग मु.अ.सं. 185/23 धारा 380 भादवि बनाम दो अज्ञात व्यक्ति की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में टीम का गठन किया गया था जिसके क्रम में आज दिनांक 24.09.2023 को व0उ0नि0 कन्हैयालाल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये 02 नफर अभियुक्तगण 1. चन्द्रभान अहिरवार पुत्र छोटेलाल अहिरवार उम्र 45 वर्ष व 2. बौरा बसोर पुत्र स्व0 रमैया बसोर को पिपरामाफ बस स्टैण्ड से चोरी किये गये समान के साथ गिरफ्तार किया गया । बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया ।

### गिरफ्तार अभियुक्त व उनसे की गयी बरामदगी –

1. चन्द्रभान अहिरवार पुत्र छोटेलाल अहिरवार उम्र 45 वर्ष के कब्जे से दस हजार रुपये व सफेद धातु चादी जैसे बिछिया व हाफ पेटी सफेद धातु दो अगुठी सफेद धातु दो जोड़ी चादी की चुटकी बिछिया सफेद धातु 2. बौरा बसोर पुत्र स्व0 रमइया बसोर उम्र 65 वर्ष नि0गण ग्राम पिपरामाफ थाना श्रीनगर जनपद महोबा के कब्जे से प्लास्टिक की बोरी जिसमे 10 अदद कलश पीतल की व दो बोरियो मे करीब 50 किलोग्राम काली लाही व एक बोरी मे 20 किलोग्राम गेहूं ।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1.व0उ0नि0 कन्हैयालाल थाना श्रीनगर जनपद महोबा
2.का0 सत्यदेव सिंह
3.का0 राजेश कुमार सिंह



**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 24.09.2023**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## थाना कबरई की पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 04 अभियुक्तों को किया गिरफ्तारः-

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु सार्वजनिक स्थान में संचालित अवैध सट्टा एवं जुआ में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के अनुपालन में श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक व श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 24.09.2023 को श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई द्वारा गठित की गयी टीम के उ0नि0 आशिक अली द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर ताश के पत्ते से हारजीत की बाजी लगा कर रुपये से जुआ खेल रहे 04 नफर अभियुक्तगण को गौशाला के पास ग्राम छानीकलां से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के जामा तलाशी से 460 रुपये, मालफड 3900 रुपये व 52 अदद ताश पत्ते बरामद हुये । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0 256/2023 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया ।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 आशिक अली 2. हे0का0 रामकरन
3. का0 अशोक सिंह 4. का0 मोहित सिंह 5.का0 अंकित पटेल

### बरामदगी-

मालफड़ – कुल 4,360 रुपये व 52 अदद ताश के पत्ते

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1. किशन वर्मा पुत्र खुमान वर्मा उम्र करीब 32 वर्ष 2. कल्लू वर्मा पुत्र विन्दा वर्मा उम्र 48 वर्ष 3. चन्द्रभान सिंह पुत्र नत्थू सिंह उम्र 42 वर्ष 4. खुमान विश्वकर्मा पुत्र राम प्रसाद उम्र 26 वर्ष निवासीगण ग्राम छानीकला थाना कबरई जनपद महोबा



## जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्ति-वस्तु व वाहनों की, की गयी सघन चेकिंग, पैदल गस्त के दौरान आमजन व व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा का दिलाया गया भरोसा।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आज दिनांक **24.09.2023** को जनपद में चाक-चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा महिला सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष/ चौकी प्रभारी द्वारा मय पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायं कालीन पैदल गश्त की जा रही है ।

पैदल गश्त के दौरान जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई तथा अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों, दुकानदारों एवं अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़ा करने वाले लोगों से वार्ता कर शासन की मंशानुरुप उन्हें व्यवस्थित तरीका अपनाने के लिए दिये गए आवश्यक दिशा निर्देश व आमजन को आश्वस्त कराया गया कि जनपद महोबा पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है। संवेदनशील स्थानों में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग की गई साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन में वाहनों के ई-चालान किये गये।






महोबा पुलिस